हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 जून 2024

04 मन रे तू राम भजन करके भव सागर से तर ले..



07 नए तहसील भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा 8 करोड़ 99 लाख से





## समाचार संक्षेप

### विश्व गीता प्रतिष्ठानों का पौधरोपण कार्यक्रम



**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम के मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय संरक्षक पंडित ओमप्रकाश पाराशर के सौजन्य से 59 पौधे प्राप्त हुए। जिनको प्रत्येक सदस्य द्वारा स्मृति वन में लगाया गया। इसके अलावा श्रीकृष्ण राजोरिया का जन्मदिन भी वृक्षारोपण कार्यक्रम कर मनाया गया। प्रचार प्रमुख पंडित मनोज शर्मा की पहल पर पाराशर ने अपनी 59 वी वैवाहिक वर्षगांठ वृक्षारोपण कर मनाया। इस अवसर पर अनेक लोगों ने उनको बधाइयां दी बधाई देने वालों का ताता लगा रहा।

### कक्षा 1 के प्रवेशोत्सव में झलकी भारतीय संस्कृति की झलक




**गुना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गुना में सोमवार को बड़े धूमधाम से कक्षा एक के बच्चों के लिए प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय प्राचार्य व मुख्य अतिथि विनोद कुमार राजोरिया व मुख्याध्यापक विक्रम के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात छात्र छात्राओ द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे संगीत शिक्षक वीरेंद ठाकुर के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था । प्राथमिक शिक्षका रीना के मार्गदर्शन में कक्षा 2 के बच्चों ने फल गतिविधि का सञ्चालन किया । इसके बाद विद्यालय शिक्षिका सुश्री योग्यता यादव द्वारा एक मनमोहक कविता बच्चों के सामने प्रस्तुत की गयी।मुख्य अध्यापक विक्रम द्वारा बच्चों को प्राथमिक शिक्षकों से परिचित कराया गया। तत्पश्चात प्राचार्य महोदय द्वारा कक्षा एक के नव आगंतुक बच्चों को उपहार व चॉकलेट वितरित की गयी। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि ये आने वाले कल के भविष्य है। अध्यापक को कुम्हार व बच्चों को मिट्टी की उपमा देकर उनके परस्पर सम्बन्ध के बारे में परिचित कराया। विद्यालय की वरिष्ठतम प्राथमिक शिक्षिका नीतू शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। मंच का संचालन प्रा. शिक्षिका प्रतिभा सेन द्वारा किया गया। इस मौके पर शिक्षकगण अशफाक,राजेश, रूमी, शिल्पा,मनीष, साक्षी, वैभव, शुभम व विद्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### कल से शुरू होगा एक करोड़ बीज अभियान

**गुना।** गुना शहर के अंदर 25 जून से शुरू होगा एक करोड़ बीज का अभियान। इसके तहत लोगों ने कई दिनों से तैयारी शुरू की है, और कल इसको अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत लक्ष्य के अनुसार एक करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथियों जैसा कि आप सभी जानते हैं विगत तीन सप्ताह से ट्रांसपोर्ट नगर बालाजी मंदिर के पास मुख्य रोड गुना पर ₹पर्यवरण प्रेमियों द्वारा श्रमदन कर और ट्रैक्टर में लगी मशीन द्वारा एंव जेसीबी से गड्ढे कराए गए, सांसे हो रही है कम ,आओ वृक्ष लगाएं हम वृक्षएरोपण महोत्सव 2024 की तैयारी चल रही है श्रमदन उपरांत बैठक में निर्णय लिया गया की जहां पर हम कम कर रहे हैं। उस स्थान को आखिर किस नाम से जाने, सर्व सहमति से पितृ स्मृति वन नाम पर सहमति बनी तो आप लोगों को सूचित किया जाता है कि उक्त स्थान को पितृ स्मृति वन के नाम से जाना जाए 25 जून को सुबह 7:00 बजे एक करोड़ बीज अभियान से जुड़े लोगों को पितृ स्मृति वन की बायो फेंसिंग के लिए बीज बिखर ने के लिए आमंत्रित किया है।

# स्वदेशी की विकास यात्रा के बारे में विस्तार से बताया

## स्वदेशी जागरण मंच का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता की पूजा कर दीप प्रज्वलित करके हुआ।

उक्त कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र दिनेश शर्मा जी अध्यापक शिक्षासंघ के संभागीय संगठक ने स्वदेशी की विकास यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही अध्यक्षता कर रहे विवेक जी सिंघल ( गुना शहर के प्रमुख व्यवसायी) ने वर्तमान में स्वदेश पर गर्व के बारे में बताया। दूसरे सत्र मे प्रांत सह प्रचार प्रमुख प्रमोदजी दुबे ने स्वाबलंबन भारत अभियान की पृष्ट भूमि के बारे में जानकारी रखी। जिला टोली के कार्य के बारे में जानकारी दी गुना में संचालित जिला स्वाबलंबन केंद्र के बारे में भी जानकारी के साथ जैविक उद्यमिता के बारे में बताया। साथ ही धर्मस्वरूप जी भार्गवभारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख ने कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को विस्तार से उनके गुण ओर व्यवहार के बारे में बताया।



तीसरे और अंतिम सत्र में पंकजजी वैश्य (सी.ए.)ने आज के समय प्रदेश एवं केंद्र के रोजगार योजना के बारे में जानकारी रखी ।कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच मोनूजी शर्मा ने किया ।विचार वर्ग में 03महिला कार्यकर्ताओ सहित कुल 46 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार जयदीप ओझा ने व्यक्त किया।

## गोसेवक हनुमान चौराहा पर हंगामा कर नारेबाजी करने लगे और जाम लगा दिया

# गुना में गोवंश के 32 कटे सिर मिलने से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना के सकतपुर ग्राम स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर रविवार की शाम गोसेवकों ने गोवंश के 32 कटे हुए सिर मिलने के बाद गोकशी का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंचे प्रशासन और पुलिस ने गोवंश के अवशेष की पशु चिकित्सा विभाग के डाक्टरों की टीम से सेंपलिंग कराने के बाद अवशेषों को जेसीबी से मौके पर ही दफन करवा दिया। इधर देर शाम गोसेवक हनुमान चौराहा पर हंगामा कर नारेबाजी करने लगे और जाम लगा दिया। हालांकि, पुलिस ने उन्होंने समझाया और मामले में पशु विभाग के डाक्टरों की रिपोर्ट आने के बाद एफआइआर दर्ज कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



जानकारी के अनुसार गोसेवक रविवार को नगर पालिका के सकतपुर स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचे। उन्होंने यहां 32 गाय, बछड़े और पाड़ों के सिर तीन अलग-अलग जगह पालीथिन, गद्दे आदि के बीच छिपाकर फेंकने का आरोप लगाया। यही नहीं, मामले की प्रशासन से शिकायत की और गोकशी की बात कही। एसडीएम शिवानी पांडे सहित पुलिस-प्रशासन के अन्य अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और कटे हुए सिरों की पशु चिकित्सा विभाग के डाक्टरों से सेंपलिंग कराई गई। इसके बाद मौके पर ही अवशेषों को जेसीबी से गड्ढा खोदाई कर दफन कराया गया। देर शाम गोसेवक बोरी में मवेशियों के कटे हुए अवशेष लेकर हनुमान चौराहा पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। ट्रेंचिंग ग्राउंड के जिस भाग में गोवंश के कटे हुए सिर मिले हैं, वह नगर पालिका द्वारा मृत मवेशियों को फेंकने का स्थान है। गोसेवकों का आरोप है कि मवेशियों को काटकर सिर फेंके गए हैं। उनका कहना है कि मौके पर मिले मृत मवेशियों के अवशेषों पर धारदार हथियार से काटने के निशान हैं। मौके पर रस्सी भी मिली हैं, इससे अनुमान है कि मवेशियों के पैर बांधकर मौके पर ही उन्हें काटा गया है। गोसेवकों ने तीन स्थान पर सिर मिलने और एक स्थान पर मवेशियों की कटाई की बात कही है।

### इनका कहना है...

मौके पर गोवंश के सिर मिलने की बात सामने आई है, जिनका पशु चिकित्सकों से मेडिकल परीक्षण कराया है। प्रशासन और नगर पालिका के साथ मिलकर अवशेषों को जेसीबी से मौके पर ही दफन करा दिया है। अज्ञात के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर रहे हैं।

**-दिलीप राजौरिया**, थाना प्रभारी, कैंट गुना

### इनका कहना है...

मौके पर मवेशियों के कंकाल मिले हैं। पशु चिकित्सकों से इनकी जांच करा रहे हैं। इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पहले पूरे मामले की जांच की जा रही है, जो भी होगा जल्द सामने आएगा।

**- गौरीशंकर बैरवा**, तहसीलदार, गुना

# महिला ने पति और देवर को प्रेमी से पिटवाया



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति और रिश्तेदार के साथ गंभीर रूप से मारपीट की और बाद में प्रेमी के साथ भाग गई। शादी समारोह में यह पूरी घटना हुई। महिला के पति और रिश्तेदार को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटनाक्रम के मुताबिक अशोकनगर जिले की पिपरई तहसील के मूडरा कला निवासी अजय कोरी 21 जून को कोल्हुपुरा स्थित कबीरवाणी आश्रम में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचा था। इसी दौरान अजय की पत्नि सीता कोरी इंदौर से आ रही थी, जिसे लेने के लिए अजय और उसका चचेरा भाई लल्लू कोरी रुठियाई रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां वापस लौटने के दौरान अजय का आमना-सामना दिनेश कोरी नामक शख्स से हुआ, जो सीता का प्रेमी बताया जा रहा है। इसलिए अजय का उसकी पत्नी से रास्ते में मुंहवाद हुआ। कुछ देर बाद कोल्हुपुरा स्थित समारोह स्थल पर पहुंचने पर दिनेश कोरी मौके पर पहुंच गए। उसने अपने एक अन्य साथी और अजय की पत्नी सीता के साथ मिलकर अजय कोरी और लल्लू कोरी पर लोहे के सरिया से हमला कर दिया। मारपीट की घटना में अजय कोरी और लल्लू कोरी को गंभीर रूप से चोटें आई हैं, जिन्हें जिला अस्पतल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद दिनेश कोरी और अजय की पत्नि सीता फरार हो गए हैं। बताया जा रहा है कि अजय कोरी छोटे से गांव में रहता है, लेकिन उसकी पत्नि शहर रहने की जिद कर रही थी। कुछ दिन पहले ही अजय मजदूरी करने के लिए गुना आ गया और किराये के कमरे में रह रहा था, तभी उसकी पत्नी और दिनेश कोरी के बीच प्रेम प्रसंग शुरु हो गया। अजय को संदेह हुआ और वह कमरा खाली कर अपने गांव चला गया। तबसे अजय कोरी और सीता के बीच गृहस्थी जीवन में खटास पड़ गई और अंत में मारपीट की यह जघन्य वारदात सामने आई है। पुलिस ने अब तक अजय कोरी की शिकायत दर्ज भी नहीं की है।

## फरार चल रहे 30 हजार के इनामी दो कुख्यात बदमाशों को किया गिरफ्तार

**गुना।** जिले के धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौहान एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न अपराधों में फरार चल रहे 30 हजार रूपये के इनामी कुख्यात अंतर्राज्यीय दो पारदी बदमाशों को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है। दोंनो आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न न्यायालयों से जारी 04-04 स्थाई वारंटों में भी गुना पुलिस को जिनकी लंबे समय से तलाश थी।

मुखबिर से मिली सूचना पर धरनावदा थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर आरोपी तेगा पुत्र माखन पारदी उम्र 40 साल एवं मिथुन पुत्र माखन पारदी उम्र 38 साल निवासीगण ग्राम बीलाखेड़ी थाना धरनावदा जिला गुना को दबोच लिया गया एवं उक्त सभी प्रकरणों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जिन्हें दिनांक 23 जून को न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। आरोपी तेगा पारदी एवं मिथुन पारदी आपराधिक प्रवृत्ति के होकर जिनके विरूद्ध प्रदेश के गुना जिले के थाना धरनावदा व फतेहगढ एवं जिला ग्वालियर के थाना झांसी रोड़ सहित दीगर राज्य राजस्थान के जिला अजमेर, चुरू, सीकर, सुल्तानपुर, झुनझुनू, जोधपुर तथा गुजरात के जिला सावरकांठा के विभिन्न थानों में मारपीट, आत्मघाती हमला, आर्म्स एक्ट, डकैती की तैयारी, चोरी, लूट, डकैती आदि गंभीरतम धाराओं में क्रमशः 22 एवं 21 अपराधों सहित कुल 43 अपराध दर्ज होना पाये गये हैं। धरनावदा थाना पुलिस की इस उल्लेखीनय कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक देवेन्द्रपाल सिंह सिकरवार, आरक्षक रघुकुल तिलक मिश्रा, आरक्षक सत्येन्द्र गुर्जर, आरक्षक अब्दुल शाबिर शेख, आरक्षक आदित्य टुंडेले एवं आरक्षक प्रधुमन गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले की चाचौड़ा थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र से गायब नाबालिग बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंपा है। जानकारी के अनुसार विगत 14 जून 24 को नाबालिग बालिका के चाचा की ओर से चाचौड़ा थाने की बीनागंज चौकी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 5-6 जून 24 की रात से उसकी 16 वर्षीय नाबालिग भतीजी घर पर किसी को बिना कुछ बताये कहीं चली गई है। जिसे उनके द्वारा सभी संभावित जगहों पर तलाश कर लिया है, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है । जिस पर से चांचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 301/24 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। थाना क्षेत्र से नाबालिग बालिका के अपहरण के उपरोक्त प्रकरण में चांचौड़ा थाना पुलिस द्वारा अपह्रत बालिका की निरंतर तलाश की गई, जिसकी तलाश के क्रम में विगत दिवस बालिका के संबंध में प्राप्त जानकारी पर चाचौड़ा थाने की बीनागंज चौकी पुलिस प्रकरण में अपहत नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मचल सिंह मण्डेलिया, बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक बिष्णु गुर्जर, आरक्षक संजय एवं आरक्षक बृजेन्द्र सोलंकी की सराहनीय भूमिका रही है।

### महंत ओमकार दास को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**आरोन।** सोमवार को सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट की ओर से दिवंगत महान विभूति महंत श्रीश्री 1008 ओमकार दास को सनातन धर्मशाला में एकत्रित होकर महंतश्री के छायाचित्र पर तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके द्वारा सनातन धर्म के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख कर उनके द्वारा समय समय पर सनकादिक आश्रम पर किये गये धार्मिक कार्यों को याद कर उन्हें सभी उपस्थित जनसमुदाय ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा बताए गए भक्ति मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर उपस्थित रहे सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट के सचिव ओम प्रकाश बेंदेल, भगवान लाल शर्मा कोषाध्यक्ष, छगन लाल तिवारी,, सिंह भगत जी, रामस्वरूप नामदेव,हंस,राधेश्याम कसेरा, जगदीश बोहरे, रामवीर रघुवंशी, गुड्डा महाराज, रामस्वरूप शर्मा हर प्रसाद साहू आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला मंडल द्वारा श्रीमद् भागवत कथा चौधरी मोहल्ला कांजी हाउस शिव मंदिर के प्रांगण में चल रही

# शुकदेव और परीक्षित का मिलन व सृष्टि के विस्तार की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

महिला मंडल द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चौधरी मोहल्ला कांजी हाउस शिव मंदिर के प्रांगण में तृतीय दिवस पर श्रीमद् भागवत कथा व्यास मोहित पारीक (श्री बूढ़ी वरसत धाम) मुखारविंद से कथा का वाचन किया जा रहा है सृष्टि का वर्णन शुकदेव परीक्षित का मिलन एवं सृष्टि का विस्तार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि मनु शतरूपा से हमारी सृष्टि हुई है। हम सभी को मनुष्य क्यों कहते हैं? क्योंकि हम सभी मनु महाराज की संतान हैं। इसलिए हम सभी को मनुष्य कहा जाता है।आगे मनु जी की तीन कन्याएं आकूती, देवहूती, प्रसूती दो पुत्र प्रियव्रत और उत्तानपाद के बारे में बताया गया।



देवहूति का विवाह ऋषि कर्दम जी के साथ हुआ। कर्दम जी के नौ कन्याएं हुई और दसमे नंबर पर भगवान स्वयं कपिल जी के रूप में आई। नो कन्याएं नवधा भक्ति हैं और जब नवधा भक्ति किसी के जीवन में आती हैं तो फिर बाद में भगवान को आना ही पड़ता है।ध्रुव जी की कथा का वर्णन कियाआगे ध्रुव जी की कथा सुनाते हुए कहा ध्रुव जी एक दिन अपने पिता की गोदी में बैठने जा रहे थे, तभी उनकी मौसी ने यह कहकर निकाला कि अगर तुझे राज गद्दी पर बैठना है, तो पहले भगवान की तपस्या कर और भगवान से वरदान मांग कि मेरे गर्भ से जन्म ले फिर तुझे यह राज गद्दी मिलेगी। महिला मंडल द्वारा सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से कथा श्रवण कर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में निकाला चल समारोह


**आरोन।** अखिल भारतीय राजपूत महासभा के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में आरोन नगर में चल समारोह धूमधाम के साथ निकाला गया। प्रवेश द्वार बनाकर जनसमुदाय ने पुष्पों की वर्षा की इस चल समारोह में ढोल धमाके बैंड बाजे डीजे आतिशबाजी चला कर धूमधाम से गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर मेंन बाजार महाराणा चौक से होते हुए स्थानीय श्री राम गार्डन पहुंच क्षत्रिय महासभा ने श्रीराम एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माला अर्पण अपने-अपने उद्बोधन दिए साथ ही गुना जिले से एवं ग्रामीण अंचल से आए।



### चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा पावस ऋतु के पावन पर्व पर काव्य गोष्ठी

# मन रे तू राम भजन करके भव सागर से तर ले..

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना द्वारा पावस ऋतु के पावन पर्व पर उदासी आश्रम स्थित मुरलीधोकर मंदिर पर वरिष्ठ कवि विष्णु साथी की अध्यक्षता श्रीमती संतोष ब्रह्मभट्ट के मुख्य आतिथ्य तथा गोपाल राव मोरे एवं सुबेदार धर्मवीर सिंह भारतीय के विशेष आतिथ्य में कवि गोष्ठी संपन्न हुई।

कवि गोष्ठी का संचालन नगर के जाने-माने शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया। सरस्वती वंदना श्रीमती संतोष ब्रह्मभट्ट ने सुनाई।कवि गोष्ठी का संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने कहा मेल मिलाप बहुत अच्छा है मगर आस्तीन पर भी नज़र रखा कीजिए।

वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने कहा कि बे ठिकाने थे अभी तक अब ठिकाना हो गया,आपके दिल में हमारा आना जाना हो गया। उमाशंकर भार्गव ने कहा गर्मी तो है पड़ रही कर दिया हमने काटकर वृक्षों काशोषण,अब सभी है महसूस कर रहे होना चाहिए पौधरोपण। संतोष ब्रह्मभट्ट ने कहा कि वो साथ नहीं फिर भी जाने क्यों,साथ साथ से लगते हैं, इतना बतला दे कोई हमें क्या इसे निभाना कहते हैं।शायर सलाउद्दीन शिकवा ने कहा कि आके तूफान तो एक पल में गुजर जाता है ,इतने अरसे में मगर काम अपना वह कर जाता है। कवि गोविन्द राव मोरे ने कहा कि राम आपके बिना जगत सब सूना है।

सूबेदार धर्मवीर सिंह भारतीय ने कहा हम सूखे सूखे नाले,वर्षा ही हमको पाले। श्रीमती माया ओझा ने कहा मन रे तू राम भजन करके भव सागर से तर ले। रमेश मंगल ने कहा कि ज़िन्दगी बेताब जीने के लिए पग में पड़े छाले,कह नहीं पाये कहां की पीर के ज़ख्म पाले। कवि गोष्ठी में रवि शर्मा बंजारा, संजय खरे, साक्षी ओझा, सियाराम कुशवाह ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। कवि गोष्ठी में बृजराज सिंह, राजेन्द्र सोनी, बृजेश शर्मा, बृजेश श्रीवास्तव, हरीश, उमेश मंगल, गोपाल अग्रवाल, समाज सेवी निरंजन भाया कसेरा, पंडित मनोज शर्मा, मनोज तिवारी, रामजीवन भार्गव, अमित भार्गव, नारायण लाल मैयर, रणबीर सिंह, दीपक शर्मा उपस्थित रहे।

## कालाबाजारी करने में खाद बेचने से पहले ही ट्रैक्टर-ट्राली को कर लिया गया जब्त

### ऊमरी-नानाखेड़ी रोड पर तहसीलदार ने की कार्वाई




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विगत दिवस इफको कंपनी द्वारा नईसराय अशोकनगर के नाम से आवंटित डीएपी खाद को निजी दुकानदार अधिक दाम पर बेचने के उद्देश्य से पूर्व ही ऊमरी-नानाखेड़ी रोड पर तहसीलदार गुना नगर द्वारा जब्त किया। इफको कम्पनी द्वारा निजी डीलरों को आवंटित डीएपी खाद की जांच के दौरान डीएपी के 300 बैग को ट्रैक्टर-ट्रॉली से परिवहन कर रहा था। चालक से पूछताछ की गई तो उसने इंडो एसेंस फर्म गुना के गोदाम पर ले जाना बताया गया। ट्रैक्टर-चालक के पास बिल्टी की जाँच की गई। बिल्टी गुना से गुना की जारी होना पाई गई, लेकिन आवंटन की जांच उप संचालक कृषि एवं इफको के मैनेजर से जानकारी लेने पर पाया गया कि 300 बैग डीएपी का आवंटन गुना इंडो एसेंस फर्म नईसराय अशोकनगर को जारी हुआ। जिससे स्पष्ट हुआ कि फर्म का डीलर उक्त खाद को कालाबाजारी करने के उद्देश्य से नईसराय अशोकनगर से वितरण न करके नानाखेड़ी-उमरी रोड़ पर उसी नाम की दूसरी फर्म इंडो एसेंस फर्म प्रोपराइटर नीलम प्रभाकर अधिक दाम में वितरण करना चाहती थी, जबकि उक्त फर्म को गुना जिले में डीएपी खाद की डीलरशिप ही नही है।

## जीव दया सप्ताह के समापन पर किया सत्तू परमल, ग्लूकोज, ओआरएस का वितरण

### जीव दया के क्षेत्र में महिला संभाग ने सेवा कार्य किए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्रीदिगंबर महा समिति महिला संभाग गुना द्वारा मनाए जा रहे जीव दया सप्ताह का हुआ समापन । यह जानकारी देते हुए महिला संभाग की संभागीय अध्यक्ष रश्मि बज ने बताया कि पिछले 7 दिनों से लगातार जीव दया के क्षेत्र में महिला संभाग गुना द्वारा अभिनव सेवा कार्य किए गए।

जिसमें गायों को चारा खिलाया गया, जलचर जीवो को दाना खिलाया। नभ चर और जमीन पर रहने वाले पक्षियों को दाना पानी हेतु सकोरे और जल की व्यवस्था की गई, राह में भटक रहे पशुओं को दुर्घटना से बचाने के लिए उनके गले में रिफ्लेक्ट बेल्ट लगाए गए । उनके लिए पानी की टँकी रखवाई।और वृद्धआश्रम जाकर बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उन्हें भोजन कराया, इसी तारतम में समापन के अवसर पर ग्राम विनायक खेड़ी पहुंचकर महिला संभाग की सदस्यों ने गरीब बस्ती में ग्रामीणों को सत्तू परमल ओ आर एस तथा ग्लूकोज बिस्किट का वितरण किया गया।

अपने सेवा सप्ताह का समापन किया ।और अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन भी मनाया। इस मौके पर महिला संभाग गुना की विभिन्न इकाइयों की सदस्याएं मौजूद रही जिन्होंने सेवा कार्यों के पश्चात का अतिशय क्षेत्र बजरंगगढ़ पहुंचकर 1008 श्रीशांतिनाथ भगवान की समक्ष आरती कर प्रभु का आभार माना । समापन के अवसर पर ममता जैन, नीता जैन, सुरभि जैन, अनीता जैन, निधि जैन, सुमन जैन, रेखा जैन साहित विभिन्न इकाइयों की सदस्य मौजूद रही। सदस्यों ने जीव दया सप्ताह के अंतर्गत किए गए विभिन्न सेवा कार्यों में अपने अनुभवों को साझा किया और इस अभिनव पहल की सभी ने जमकर सराहना की और आगे भी इसी प्रकार के सेवा कार्यों के लिए अपनी उत्साह पूर्वक सहभागिता करने की मंशा ज्ताई और इसके लिए संभागीय अध्यक्ष को बधाइयां दी ।

संभागीय अध्यक्ष रश्मि बज ने महासमिति की सभी महिला सदस्यों का आभार माना जिन्होंने इस सेवा सप्ताह में अपना योगदान और समय समिति को दिया। उन्होंने ये भी बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मणिंद्र जैन,राष्ट्रीय पदाधिकारीगण ज्योति टोंग्या, इंदुगांधी, सहित मध्यांचल की अध्यक्ष मंजू अजमेरा की तारीफ की।

## समाचार संक्षेप

### वैश्य युवा इकाई ने किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

**गुना।** वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष विकास डागा के जन्मदिन के अवसर पर वैश्य युवा इकाई जिला द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा हेतु वृहद वृक्षारोपण किया गया । युवा इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वैश्य महासम्मेलन , जिला गुना के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल को आमंत्रित किया गया एवं विशेष अतिथि महामंत्री विकास जैन नख़राली रहे । कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अग्रवाल द्वारा कहा गया कि बड़ते तापमान से प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है इस हेतु प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए और आज में भी यह प्रण लेता हूँ कि अपने प्रत्येक जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाऊँगा । उन्होंने एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी दिया कि पौधरोपण के फोटो की जगह सोशल मीडिया पर 15 से 30 सेकंड की वीडियो डालें जिससे कि लगे लगाये वृक्षों पर सिर्फ़ हाथ लगाकर किये गये पौधरोपण की परंपरा पर विराम लगेगा ।इस अवसर पर युवा इकाई के संभागीय अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल उपाध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल सचिव मयंक विजयवर्गीय आयूश़ जैन मधुर जैन आदि युवा उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ अग्रवाल द्वारा किया गया ।




### दीवार गिरने से एएसआई घायल

**गुना।** प्रकाश टाकीज गली में घर की छत की साइड की दीवार गिरने से नीचे खड़े एएसआई पुष्पेंद्र जैन घायल हो गए। पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि वे घर के बाहर से निकल रही 11 केवी की हाई टेंशन लाइन से बचाव के लिए कारीगर से बात कर रहे थे । एक माह पहले उनकी पत्नी 11 किलोवाट की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गई थी और उनको गम्भीर हालात में इलाज के लिए इंदौर ले जाया गया जहां अभी भी उनका इलाज चल रहा है । लगातार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर और विद्युत मंडल में शिकायत दर्ज करने के बाद भी अब तक ना तो सीएम हेल्पलाइन और नहीं विद्युत मंडल द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है।इसी बात से परेशान होकर श्री जैन कारीगर से किस प्रकार हाई टेंशन लाइन से बचाव किया जा सकता है इस संदर्भ में बात कर रहे थे। तभी यह हादसा हुआ सिर में उनके चोट आई है।



## मौसमी बीमारियों के चलते ओपीडी में बढ़ रहा है मरीजों का आंकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭चन्देरी

मौसमी बीमारियों का दौर शुरू हो गया है। ओपीडी में प्रतिदिन सैंकड़ों मरीज लंबी-लंबी लाइन लगाकर डॉक्टर के पास इलाज कराने के लिए पंजीयन करवा रहे हैं। दरअसल मौसम के परिवर्तन होने से वायरल फीवर का खतरा बढ़ रहा है। यही वजह है कि चंदेरी सिविल अस्पताल में मरीजों की बेशुमार भीड़ उमड़ रही है। पिछले एक सप्ताह से अचानक बढ़ी उमस गर्मी ने आमजन के स्वास्थ्य को ज्यादा प्रभावित किया है। दिन में तपन और रात को हल्की फुल्की बूंदा बंदी के बीच ठंडक के चलते मौसमी बीमारियों ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि हर चैथे घर में दस्त,उल्टी,बुकर, लू,पेट मे दर्द,खुजली जैसी बीमारी से ग्रसित मरीज रोजाना पहुंच रहे है। और अस्पताल की ओपीडी संख्या लगभग 400 पहुंच गई है, जो आम दिनों की तुलना में लगभग दोगुनी है। अस्पताल के मेडिसीन वार्ड में मरीजों को भर्ती करने के लिए बेड भी कम पड़ जाते हैं।

### मौसम परिवर्तन के चलते पनप रही बीमारी

मौसम परिवर्तन होने के साथ ही मौसमी बीमारियों का आतंक शुरू हो जाता है। बुखार,पेटदर्द,आंख में जलन, हाथ पैर में दर्द, डायरिया, उल्टी सहित अनेक प्रकार की बीमारियां आमजन को अपने चपेट में ले लेती हैं। बीते दिनों बरसात होने के कारण भी लोगों में बीमारी बढ़ी हैं। ऐसे में अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीज सबसे अधिक पहुंच रहे हैं।

### इनका कहना है

इस मौसम में जितना हो सके फास्ट फूड से परहेज करना चहिए, जितना हो सके स्वच्छ सब्जियां व शुद्ध पेयजल का उपयोग करना चहिए। आस पास के एरिये में साफ-सफाई का मुख्यतरू ध्यान रखे जिससे मौसमी बीमारियों से राहत मिल सकती है।

**डॉ. प्रशांत दुबे** ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर

## राजपुर मे चैकी पुलिस ने आमजनो के साथ नशा



राजपुर। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देश में ज़िले भर में नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। राजपुर पंचायत कार्यालय में चैकी प्रभारी रामदयाल नंदा, व्यापारी, दुकानदार, गणमान्य नागरिक, पंच, गांव वासियों के अलावा आसपास से आए ग्रामीण इस बैठक में सम्मिलित हुए। चैकी प्रभारी रामदयाल नंदा ने कहा कि लोगो द्वारा किए जा रहे नशे की लत के कारण ही हमारा समाज युवा पीढी नशें की वजह से कई परिवार बर्बादी की ओर है। सुबह से शाम तक जो भी मेहनत मजदूरी मिलती है वह आधा हिस्सा नशे में उड़ा देते है। स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। सभी व्यापारियों दुकानदारों के यहां पहुंचकर अपील की गई कि आपकी दुकान और प्रतिष्ठानों पर कोई भी व्यक्ति नशा करके आए तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें। बैठक में उपस्थित सरपंच प्रतिनिधि सफीक खान ने कहा कि नशें की लत के कारण परिवार में कलेश होता हैं बैठक में जनपद सदस्य प्रतिनिधि विवेक जैन भूरेलाल शर्मा मुन्ना गुर्जर, डा अरविंद रघुवंशी, कन्छेदीलाल पाल, सुनील सोनी ,लाखन गुर्जर, रामेश सेन, वल्लू खा, रघुवीर गुर्जर पत्रकार गणेश राम सोनी, शामीम खा, कल्लू कुशवाहा, वीरेंद्र जैन, सुमंत जैन ने बताया कि नशा की बुरी लत से परिवार में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है इस अवसर पर लोगों को शपथ दिलाई की भविष्य में नशा नहीं करेंगे और दूसरे नशा करने वाले

## विहिप के केंद्रीय सह मंत्री ने कहा पुजारी समाज जागरण के लिए प्रयास करते रहें



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

विश्व हिंदू परिषद विश्व हिंदू परिषद द्वारा केंद्रीय सह मंत्री अरुण नेटके ने अर्चक पुरोहित मठ मंदिर प्रमुख और पुजारियों की बैठक ली । इस मौके पर उन्होने कहा कि पुजारी समाज जागरण के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे।

इस अवसर पर प्रांत धर्मप्रसार प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा ने कहा सभी पुजारी हमारे धर्म के रक्षक हैं धर्म के रखवाले हैं समाज को बचाने वाले हैं। सभी से अनुरोध है बदली हुई परिस्थितियों में हमे मंदिर को समाज का केंद्र बनाने के लिए काम करना है। प्रत्येक मंदिर में सत्संग हो। केंद्रीय मंत्री अरुण नेट ने कहा पुजारी समाज का निर्माता है समाज को खड़ा करेगा लोग जागरूक होगे। समाजजन मंदिर से जुड़े तभी हमारा राष्ट्र बचेगा। हमारे अंदर धर्म संस्कृति जीवित रहेगी। इसलिए सभी पुजारी से अनुरोध है कि आप अपने मंदिर और अपने अर्चना पुरोहित सभी लोग समाज जागरण के काम में लगे तभी सनातन की रक्षा हो सकती है। प्रत्येक माह अर्चक पुरोहित पुजारी की बैठक हो प्रत्येक मंदिर में साप्ताहिक सत्संग हो। तब समाज में जागरण होगा। विभाग मंत्री सुरेश शर्मा जिला मंत्री सुशील शर्मा द्वारा पुजारियों का सम्मान किया गया।

## सड़कों पर बह रहे नालियों के गंदे पानी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭चंदेरी



नगर के मुख्य चौराहा दिल्ली दरवाजे पर इन दोनों नाला नालियों का गंदा पानी बीच चौराहे पर भरा दिखाई दे रहा है जिससे आम जनों को आने-जाने और निकलने में समस्या आ रही है पर विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा यहां साफ सफाई को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जिसका कारण यह है कि बरसात के समय नालो व नालियों में घरों से निकलने वाला कुरा कचरा अक्सर लोग नलों में फेंक देते हैं जिससे यह समस्या उत्पन्न होती है पर जब सफाई करने का समय आता है तो इन नालों के ऊपर लोग अतिक्रमण कर सीसी खरंजा कर लेते हैं जिससे सफाई करने में नगर पालिका के सफाई कर्मियों को समस्या आती है और नालों की सफाई समय पर नहीं हो पाती है जिससे यह नालों का पानी सड़कों पर बहने लगता है पर विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को यह नालों के ऊपर नगर में हर जगह जमे अतिक्रमण को हटाकर यह समस्याओं को दुरुस्त कराकर की निजात दिलाना चाहिए।

### बाइक मे टक्कर मारी,युवक घायल

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत शंकर कालोनी निवासी ब्रजेश रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रक के चालक ने कोलुआ रोड पर बाबा गैस एजेसी के पास अपने ट्रक को तेजी व लापरवाही से लहराकर चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

### बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई

**ग्यारसपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर विकासखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ियों में पोलियो की दवा पिलाई गई। मानोरा बस स्टैंड, बूथ क्रमांक 5 ग्यारसपुर में नैनिहलों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। बीएमओ डॉक्टर कल्वे अब्बास जैदी इस संबंध में बताया।

### राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने कहा, 10 हजार का लक्ष्य पूर्ण करना होगा

## विद्यार्थी परिषद ने सदस्यता अभियान को लेकर की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर





सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अशोकनगर जिले की जिला सदस्यता कार्यशाला संपन्न हुई । इस कार्यशाला मे सदस्यता अभियान को बढाने पर जोर दिया गया।

इस कार्यशाला में अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा छात्रसंगठन का गौरव प्राप्त करने व देशभर की 1 करोड़ सदस्यता का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए अशोक नगर जिले के कार्यकर्ताओं को अधिकतम परिसर में जाकर सदस्यता करना होगी और जिले के द्वारा तय किया गया 10000 लक्ष्य पूर्ण करना होगा । अभाविप का सदस्यता अभियान सामान्य विद्यार्थी को भारत माता की जय से जोड़ने के लिए है,अभाविप का सदस्यता अभियान विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के भाव से जोड़ने के लिए है,अभाविप का सदस्यता अभियान विद्यार्थियों के व्यक्ति निर्माण से लेकर विद्यालय महाविद्यालय की छात्राओ को सामान्य छात्रा से साहसी बनाने के लिए है। अभाविप की सदस्यता अभियान में जुड़े कई कार्यकर्ता आज राष्ट्र को समर्पित होकर समाज उत्थान के लिए कार्य कर रहे है । इस जिले की बैठक में जिले भर से अलग अलग इकाई के कार्यकर्ता उपस्तिथि रहे जिन्होंने दिन भर में अभाविप की सदस्यता की योजना बनाई और इकाई प्रस्तुत की । अंतिम सत्र में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने अभाविप के 76वें स्थापना दिवस 9 जुलाई राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस की चर्चा कर विद्यार्थी सम्मेलन की रणनीति तैयार की।

## एसडीएम के साथ तहसीलदार कार्यालय भी शामिल रहेगा

# नए तहसील भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा 8 करोड़ 99 लाख से


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





तहसील कार्यालय जिला मुख्यालय अशोकनगर पर नवीन तहसील कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है यह कंपोजिट भवन है जिसमें एसडीएम के साथ तहसीलदार कार्यालय भी शामिल रहेगा पूर्व में दो भवनों में तहसील कार्यालय लग चुका है अब यह तीसरा नया कार्यालय भवन बनाया जा रहा है।

अशोकनगर जिले में तहसील कार्यालय की शुरुआत जो पुराना कोर्ट भवन है जो गांधी चौक के पास है वहां से इसकी शुरुआत हुई थी। आजादी से पहले यह भवन इसी कक्ष में लगता था बाद में जब अशोकनगर का नामकरण बदला तब नया तहसील भवन बना जो वर्तमान में चल रहा है। अब एक नया तहसील भवन और बनाया जा रहा है। पीआईयू के कार्यपालन अधिकारी बी के माथुर ने बताया कि 8 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से इस भवन का निर्माण किया जा रहा है यहां पूर्व में जो न्याय विभाग के क्वार्टर थे उनको हटाकर भवन का निर्माण किया जा रहा है यह भवन निर्माणाधीन है इसमें एसडीएम कार्यालय के साथ तीन नायब तहसीलदार कार्यालय भी बनाए जा रहे हैं साथ में अभिभाषकों के लिए बैठने की व्यवस्था भी की जा रही है। अशोकनगर मुख्यालय पर तहसील कार्यालय बहुत पुराना है वरिष्ठ अभिभाषक बाबूलाल यादव ने बताया कि इस भवन में 1956 में इसकी शुरुआत की गई थी यहां तहसील कार्यालय के साथ एसडीएम कार्यालय भी लगता है सबसे पहले एसडीएम यहां बागची थे जो आईएएस थे यहां अधिकांश एसडीएम आईएएस बनते रहे।



जब तक अशोकनगर तहसील मुख्यालय था बाद में जब जिला बन तब यहां है राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तहसीलदार प्रदर्शित होते रहे। वर्तमान में यहां एसडीएम राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी में चल रहा है। अशोकनगर जिस तहसील भवन में चल रहा है। वह जीर्णशीर्ण हो गया है। पूर्व में यहां पर अपर कलेक्टर कार्यालय भी लगता था यह कार्यालय भवन कई जगह से बैठ गया है और कई जगह दीवारों में भी दरार आ गई है। हालांकि सुधार बार-बार किया गया है लेकिन यहां परिसर भी पूरा गंदा बना हुआ है परिसर में सड़क की कोई सुविधा नहीं है जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं पूरा पानी भर रहा है वकील जहां बैठते हैं वहां भारी परेशानियों के बीच में सामना करना पड़ता है।

अभिभाषक कक्ष भी बहुत पुराना है इन सब परिस्थितियों को लेकर नया तहसील भवन अशोकनगर के लिए एक उपलब्धि होगा। इसी तरह का एक तहसील भवन ईसागढ में भी बनाया जा रहा है ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। पक्षकारों को भी बैठने की सुविधा होना चाहिए। इसके अलावा सुलभ कांप्लेक्स की सुविधा भी तहसील में उपलब्ध कराई जाना चाहिए यहां इस तरह का कोई कंपलेक्स नहीं है यहां यह कहना आवश्यक जरूरी है कि यहां जिला पंचायत जनपद पंचायत बीआरसी भवन तहसील एसडीएम कार्यालय रजिस्टर कार्यालय लोक सेवा केंद्र एचडी कार्यालय इतने सारे विभाग हैं इसके बावजूद भी यहा सुलभ कॉम्पलेक्स की सुविधा नही है।

# क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय रांवसर की बिल्डिंग के पुनर्निर्माण की मांग उठाई







### खास बातें

- प्राथमिक विद्यालय रांवसर की टूटी इमारत को डिस्मेंटल किया जाए व शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाए।
- जब तक नया भवन बनकर तैयार नहीं हो जाता तब तक के लिए प्राथमिक विद्यालय की कक्षाएं किसी अन्य भवन में संचालित करने की व्यवस्था की जाए।
- उक्त मामले में बार बार अवगत कराए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को पेड़ गिर जाने के कारण क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय रांवसर की बिल्डिंग के पुनर्निर्माण करने व निर्माण कार्य पूर्ण न होने तक प्राथमिक विद्यालय को अन्य किसी भवन में संचालित करने की मांग को लेकर छात्र संगठन डीएसओ ने विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

डीएसओ के जिला सचिव अनुराग सागर ने बताया कि रावसर मे पिछले दिनो इमली के दो पेड स्कूल भवन पर गिर जाने से दो कक्ष क्षतिग्रस्त हो गए है। यह भवन पुराना हो गया था। कई सालों से बिल्डिंग खराब हो चुकी है। जिसे गिराकर नई बिल्डिंग बनाई जानी चाहिए। पर लापरवाही बरती जा रही है। अभी भी जिन कक्षों में बच्चों को बिठाया जा रहा है वे भी क्षतिग्रस्त है जिनमे दरारें आ रही हैं, दीवारों से पानी रिस रहा है। टूटी हुई दीवार को भी ऐसे ही छोड़ दिया है जो कभी भी गिर सकती है। उसी टूटी दीवार के पास हैंडपंप से बच्चे पानी पीते हैं। जो कभी भी बच्चों और स्टाफ के लिए जानलेवा हो सकता है। प्रशासनिक अमला जांच करने तो गया परंतु न ही तो उक्त बिल्डिंग को डिस्मेंटल करने हेतु कोई कार्यवाही की गई है और न ही प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को किसी अन्य स्थान पर बैठने की कोई व्यवस्था की गई है।

इस संबंध में पूर्व में भी डीएसओ ने स्कूल शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन को पिछली साल भी ज्ञापन दिया था व नई बिल्डिंग बनाने की मांग छात्रों द्वारा की गई थी परंतु इस ओर से नहीं उठाया गया। प्रशासन का यह ढीला ढाला रवैया निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को जोर शोर के साथ प्रदेश के अंदर लागू किया गया परंतु पिछले चार वर्षों से जो ढोल पीटा जा रहा था अब उसकी पोल खुलती दिख रही है। बड़े-बड़े दावे झूठ साबित हो रहे हैं।

स्कूलों में मूलभूत आवश्यकताएं जैसे पर्याप्त शिक्षक, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पीने योग्य स्वच्छ जल, छात्र छात्राओं के लिए अलग टॉयलेट्स, गर्ल्स कॉमन रूम, बिजली व्यवस्था, प्ले ग्राउंड, लैब, लाइब्रेरी, डिजिटल क्लास आदि की कमी से जूझ रहे हैं। पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया, बेटी पढ़ाओ, सर्व शिक्षा अभियान आदि बातें थोथी नारेबाजी तक सिमट गई है।

# ग्रामीणों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नईसराय



पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देश पर नईसराय थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड ईसागढ़ की नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत उमरी के ग्राम रांठ में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें नशामुक्ति साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत ग्राम रांठ में ग्रामीण जनों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं उनकी तस्करी के विरुद्ध जन चेतना जागृत करने का आह्वान किया पंचायत के सरपंच देवेंद्र रघुवंशी द्वारा उपस्थित लोगों को नशीली पदार्थों, शराब अन्य मादक पदार्थों के सेवन को खत्म करने का संकल्प दिलाया इसी दौरान कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के जिला समन्वयक और रघुकुल सेवा समिति के अध्यक्ष विपिन रघुवंशी द्वारा उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई इस दौरान नईसराय थाने से प्रधान आरक्षक दसरथ सिंह रघुवंशी एवं उनका सहयोगी स्टाफ की उपस्थिति में ग्राम के रामबाबू सिंह, जगदीस, संभु सिंह, जगन्नाथ सिंह, महेश सिंह, मुकेश, कनहैयाराम, आदि ने नशा छोड़ा, और बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# 15 केंद्रों पर पिलाई बच्चों को पोलिया की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

## 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान जारी

दो बूंद जिंदगी के अभियान के अंतर्गत नगर में जन्म से 5 बर्ष उम्र तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। तीन दिवसीय अभियान में पहले दिन रविवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए 15 केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैनात की गईं अलग अलग टीमें बच्चों को दवा पिलाने के लिए सुबह से ही तत्पर नजर आईं।

### जनप्रतिनिधियों ने पिलाई दवा

समाजसेवीयो एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र के केन्द्रों पर दवा पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। जैन मंदिर



परिसर के केन्द्र पर समाजसेवी संस्था महिला जैन मिलन की अध्यक्ष प्रियंका जैन एवं वैश्य महासम्मेलन महिला ईकाई की अध्यक्ष सरला जैन ने बच्चों को जिंदगी की दो बूंद दवा पिला कर शुभारंभ किया। इस तीन दिवसीय अभियान के तहत जहां रविवार को केन्द्रों पर दवा पिलाई गई है अब 24 एवं 25 जून को घर घर जाकर दवा से वंचित रहे बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। बीएमओ डॉ शिवराज सिंह भदौरिया ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि शाढ़ौरा में 1300 बच्चे चिन्हित किए गए हैं जिन्हें दवा पिलाई जायेगी।

## थाना मुंगावली में लुटेरी दुल्हन को किया गया गिरफ्तार

अशोकनगर। मुंगावली मे लुटेरी दुल्हन अपने साथियों के साथ मिलकर लोगो से शादी संबंध की बात कर उनसे सगाई के लिये रूपयों की मांग करती जो लोगो के साथ सगाई करके रूपये लेकर वह और उसके साथी भाग जाते जिनसे बाद में कोई संपर्क नहीं होता था । पुलिस ने ऐसी लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया है। पिछले दिनो 17 मई को ग्राम पीपल्या कला के एक व्यक्ति को उसके भाई की शादी की बात करने बुलाया उनको लड़की पसंद नहीं आई तो वह अपने घर लौटने लगे तब लुटेरी दुल्हन ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर उससे 95,000 रूपये लूट लिये। जिस पर से थाना मुंगावली मे लूट का मामला दर्ज किए जाने के बाद पुलिस लुटेरी दुल्हन की तलाश मे लगी थी। मुगावली के थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने उक्त लुटेरी दुल्हन को गिरफतार किया है। जिसके पास से लुटे गए रूपए बरामद किए हैं।

## युवक को कार ने पीछे से टक्कर मारी, मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत एक कार चालक ने पैदल जा रहे एक युवक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ग्राम अजलेश्वर का रहने वाला है। जिसका नाम राजपाल पुत्र भूरा जाटव उम्र 30 साल है। बताया गया है कि युवक अपने खेतो की ओर जा रहा था। इसी दौरान पावर हाउस के समीप पीछे से आ रही कार के चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे मे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना मे गाव के लोगो ने मौके से भाग रहे कार चालक को पकड लिया और युवक को जिला अस्पताल लाने के प्रबंध किए गए किंतु उसके पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

# जिले मे मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बायंगा निवासी राजपाल पुत्र गजराज सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कमलसिंह विजय यादव शम्भू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से कृष्णभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल यादव रामदयाल गोलू सतेन्द्र और डिग्गी यादव उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बायंगा निवासी कमल सिह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इंन्द्रभान यादव राजपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से रामदयाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कृष्णभान यादव और नन्नू यादव ने उससे मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमाखेडी निवासी तारा पत्नी आवे हसन खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अम्मू खान आबेहसन कल्लो और हमीदल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से हमीदल खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रसूल खान आबेहसन रिहाना खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमझरा निवासी हरकिशन आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरपाल बुंदेला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाकौनी निवासी सगुन पुत्र पीतम केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तुलसीराम केवट ने कुल्हाडी से हमला कर उसकी उगली काट उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुढिया निवासी मन्नू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बालकिशन आदिवासी ने उससे मारपीट की।

# थूवोन कमेटी ने चातुर्मास के लिए श्रीफल किए भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दर्शनोदय तीर्थ थूवोन कमेटी में चातुर्मास की भावना लेकर अशोक नगर जिले की जैन समाज ने थूवोनजी कमेटी के संयोजक में मुनिपुगंव सुधासागरमहाराज ससंघ को श्रीफल भेंट कर चातुर्मास का निवेदन किया।

निवेदन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि अशोकनगर शाढ़ौरा जैन समाज मुंगावली चन्देरी ईसागढ़ बहादुरपुर, बगंला चैराह समाज के प्रतिनिधियों ने थूवोनजी कमेटी के साथ श्रीफल भेंट कर रहे हैं पूरे जिले से जैन समाज ये निवेदन लेकर आये है कि थूवोनजी में चातुर्मास हो। इस भावना से श्री फल भेंट करने वाले में थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष गिरीश अथाईखेडा महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई शिरोमणि संरक्षण सजीव श्रंगार शालू भारत शैलेन्द्र दददा अशोक नगर समाज के महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र



श्रागर मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजयधुर्रा रविकांत कासंल पवन जैन पतकार मुन्नावाझल मुनेश विजयपुरा सुनील घेलू शाढ़ौरा से निर्मल जैन प्रमोद जैन मनोज चोवे मुंगावली से संजयसिंघई त्रिलोक चंद जैन अनिल रोकड़िया चन्देरी सौरवजैन बहदपुर बाबूलाल जैन मनोज सरंचना बग्लाचैराह भोनू जैन ईसागढ़ आदि ने निवेदन प्रस्तुत किया।

## कलेक्टर ने दिए चारागाहों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

# कलेक्टर ने कहा, निराश्रित गोवंश सड़कों पर न रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गोवंश के संरक्षण के संबंध में निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंश सड़कों पर न रहे। गौवंश को गोशालाओं में रखे जाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने गोवंश चारागाहों पर किये गये अतिक्रमणों को हटाये जाने के निर्देश समस्त तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को समस्त तहसीलदार सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करें। इस कार्य में लापरवाही बतरने पर संबंधित तहसीलदार उत्तरदायी होगें।


बैठक में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का निराकरण अधिकारीगण विशेष रूचि लेकर पूरी गंभीरता के साथ करें। सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत बेहतर रैंक प्राप्त करने का प्रयास करें।उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के तहत शिकायतें नॉट अटेण्डेंट न हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 50 दिवस से अधिक समय की शिकायतों को बंद किये जाने हेतु सभी आवश्यक प्रयास किये जाएं। उन्होंने शासन द्वारा संचालित



विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था सुचारू रूप से बेहतर रखी जाएं। जिससे जरूरतमंद लोगों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधा हेतु ज्यादा भीड़ एकत्रित न हो इस हेतु क्राउड मैनेजमेन्ट प्लान प्रारंभ करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए।

पिछले दिनो रावसर मे एक जर्जर स्कूल भवन पर पेड गिर जाने के बाद उन्होंने जिले में जर्जर स्कूलों के भवनों को हटाये जाने के निर्देश डीपीसी को दिए। आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में लक्ष्य के अनुरूप प्रवेशोत्सव के संबंध में निर्देशित किया। समर्थन मूल्य पर चना,मसूर,सरसों की खरीदी का भुगतान किसानों को किये जाने के संबंध में उप संचालक कृषि से जानकारी ली। उन्होंने जिले में वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदूषित पेयजल स्त्रोतों में ब्लीचिंग पाउण्डर डलवाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में पशुओं को गलाघोटू बीमारी की वैक्सीन लगाये जाने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के संबंध में निर्देशित किया कि आगामी 15 जुलाई से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाए। इस अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो ऐसे प्रयास किये जाएं। बाढ़ आपदा राहत के लिए सभी अधिकारी सतर्क रहकर पूरी तैयारी रखें। तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किये जाएं। उन्होंने आगामी 01 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान विभागों को प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्नों के उत्तर की जानकारी यथाशीघ्र भिजवाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में समय सीमा के लंबित्र पत्रों,सीएम हेल्पलाईन,विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

## जिला अस्पताल परिसर में चलाया गया सफाई अभियान




अशोकनगर। जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ नीरज कुमार छारी के निर्देशन में सिविल सर्जन डॉ सनूप छारी आरएमओ डॉ जयकृत सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सीपी यादव ने मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया । सीएमएचओ डॉ छारी के निर्देशन में यह अभियान समय समय पर निरंतर चलता रहता है। उनका कहना है कि साफ सफाई बहुत जरूरी है। इससे 50 प्रतिशत बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। वर्षात के मौसम में हैजा उल्टी दस्त मक्खी मच्छर जनित बीमारियों की संभावना ज्यादा रहती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि बासी भोजन का उपयोग बिलकुल न करें।खाना ताजा खाएं तथा ढांककर रखें।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद चन्देरी

जिला अशोकनगर मध्यप्रदेश

क्रमांक /2367/निर्माण शाखा/2024 [नियम 91(1) (II)] चन्द्ररी,दिनांक 21/06/2024

// प्रथम ई-निविदा आमंत्रण //

निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए निविदा मानदंडो को पूरा करने वाले लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो/ निविदाकारो से ऑनलाईन बोली आमंत्रित है:-

| क्र. | सामग्री का नाम | ऑनलाईन टेण्डर न. | अनुमानित लागत | धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दीनदयाल रसोई योजनांतर्गत नवीन बस स्टेण्ड ग्राउण्ड में किचिन शेड का निर्माण कार्य। | 2024_UAD_351755_1 | 10.50 | 7875/- 2000/-रू | 22.07.2024 | 06 माह वर्षाकाल |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन बेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते है। अलग से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद चन्देरी
जिला अशोकनगर मध्यप्रदेश

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद चन्देरी
जिला अशोकनगर मध्यप्रदेश

# 16 साल बाद डॉ कठेरिया का अटैचमेंट खत्म मूल पदस्थापना पर कार्य करने के आदेश जारी

खबर का असर

## शासन के सख्त आदेशों के बाद किन अधिकारियों ने और क्यों नहीं किया था संबंधित डॉक्टर का संलग्नीकरण खत्म, मूल पदस्थापना पर एमएस डॉ के अभाव में वर्षों से परेशान हो रहे हैं मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

देर से ही सही आखिरकार डॉ कठेरिया का जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट खत्म हो ही गया। तमाम राजनैतिक रसूक और अधिकारियों से संबंध का दावा करने वाले डॉ कठेरिया को सीएमएचओ के एक आदेश ने आइना दिखा दिया। 22 जून को जारी एक आदेश में प्रशासकीय कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए डॉ राजेन्द्र कठेरिया और डॉ स्वाति किरार को उनकी मूल पदस्थापना क्रमशः खुजनेर और मलावर केंद्रों पर जाकर कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में साफ लिखा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।



सीएम ड्यूटी और एमरजेंसी ड्यूटी पर न रहने पर मिल चुके हैं कई बार नोटिस

आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!

खुजनेर स्वास्थ्य केंद्र में दस दिन पूर्व ही डॉक्टर की कमी के चलते दो युवा गवां चुके अपनी जान



लगभग दो साल से नियमविरुद्ध राजगढ़ अटैच है मलावर की महिला डॉक्टर, मंगलवार से 2-2 दिन की ड्यूटी करेंगे डॉक्टर

मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहां कमिश्नर व कलेक्टर के आदेश की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

ग्रामीणों ने कहा अगर डॉ किरार का अटचमेंट निरस्त नहीं तो करेंगे भूख हड़ताल

### हरिभूमि ने कई बाद उठाया था जिला अस्पताल में अटैचमेंट का मुद्दा

खुजनेर सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परेशान होते मरीज और डॉ राजेन्द्र कठेरिया की 16 वर्षों से जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट को लेकर हरिभूमि ने कई बाद इस समस्या से शासन व प्रशासन को अवगत कराया। वहीं मलावर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ स्वाती किरार के न होने से आसपास आने वाले 40 गावों के ग्रामीणों की परेशानी को भी हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था और जिला मुख्यालय पर डॉ स्वाति किरार के संलग्नीकरण पर प्रकाश डाला था।

### वर्षों से जमे हुए हैं सरकारी आवास पर

डॉ. राजेंद्र कठेरिया की मूल पद स्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में है, लेकिन लगभग 16 वर्षों से अधिकारियों से सांठगांठ एवं राजनीतिक संबंधों के चलते इनके द्वारा सरकारी आवास पर वर्षों से उपयोग किया जा रहा है। डॉ कठेरिया के जिला चिकित्सालय राजगढ़ स्थित आवास में रहने के कारण दूसरे डॉक्टर जिनकी मूलपदस्थापना जिला मुख्यालय की ही है वह शहर में किराए के मकानों में रहकर दिन रात मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### जिला चिकित्सालय के डॉक्टर लगा चुके हैं कटेरिया पर भ्रष्टाचार के आरोप

डॉ कठेरिया सिविल सर्जन जैसे पदों को भी सुशोभित कर चुके हैं। इनके कार्यकाल में वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आरएस माथुर द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डॉ आरके कठेरिया पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगाए थे।

### इनका कहना है

हां हमने जिला अस्पताल से सभी अटैचमेंट खत्म कर दिए हैं और उन्हें उनकी मूलपदस्थापना पर जाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

**डॉ किरण वाडिवा,**
सीएमएचओ राजगढ़

---

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के निर्देश

# सभी तहसीलदार नामांतरण, सीमांकन आदि मामले एक हफ्ते में निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

लगभग समूचा प्रशासनिक अमला विधानसभा और लोकसभा चुनावों में खासा व्यस्त था। यही कारण है कि ग्रामीणों सहित आमजनों के राजस्व विभाग से संबंधित नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि के अनेकों मामले विभिन्न तहसीलों में लंबित हो चुके हैं। ऐसे में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आहूत टीएल बैठक में सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि उक्त लंबित मामलों का एक हफ्ते में निराकरण किया जाए। नक्ष, तरमीम उठाने की कार्रवाई पटवारियों के माध्यम से पूर्ण करने के लिए भी कहा गया।

मोहनपुरा बांध के आसपास की खाली पड़ी जमीन पर बड़े स्तर पर पौधरोपण करवाने के निर्देश उन्होंने जल संसाधन विभाग को दिए। निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज की धीमी प्रगति पर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए काम में तेजी लाने के तल्ख निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए गए।

### लाइनों को तोड़ने-फोड़ने वालों पर करवाएं एफआईआर

हर घर नल से जल पहुंचाने शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गांव-गांव में पाइप लाइनें बिछाई जा रही हैं। लेकिन अनेक जगहों पर इन लाईनों को लोगों द्वारा तोड़ने-फोड़ने की शिकायतें मिल रही हैं। कलेक्टर दीक्षित ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाइनों को क्षतिग्रस्त करने वालों पर एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ महीप किशोर तेजस्वी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार, नप एवं नपा के सीएमओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## नशे के विरोध में जन संवाद कार्यक्रम हुआ

**ग्यारसपुर।** थाना पुलिस द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत बाजार में नशा विरोधी जन संवाद का आयोजन किया गया। लोगों को नशा न करने जागरूक किया गया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे पर ग्यारसपुर कस्बा में व्यापारी वर्ग व मार्केट में नशा विरोधी जन संवाद के दौरान आम जन में जागरूकता लाई गई। नशा के दुष्परिणाम, बचाव एवं जन जागरूकता के माध्यम से सुधार करने आदि के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई ओर शपथ दिलाई गई।

---

# संगीत दिवस 2024 का आयोजन

## माल्यार्पण कर विधायक ने किया शुभारंभ



**नरसिंहगढ़।** मध्य प्रदेश शासन संस्कृत संचनालय भोपाल एवं शासकीय संगीत महाविद्यालय नरसिंहगढ़ का प्रतिष्ठा आयोजन विश्व योग एवं संगीत दिवस 2024 आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा एवं नरसिंहगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष कविता वर्मा के द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। 'मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा अधिकृत संगीत महाविद्यालय मैहर के अध्यनरत विद्यार्थियों (कलाकारों) के द्वारा प्रस्तुत किया सर्वप्रथम घनश्याम प्रजापति ने शास्त्रीय गायन तीन ताल में राग बिहाग व भजन की अति सुंदर व मनमोहक प्रस्तुति का गायन किया। राग बिहग और भजन कीर्तन की सुंदर गायकी के साथ अन्य कलाकारों के द्वारा संगीत प्रस्तुत किया गया अनुराग श्रीवास्तव के द्वारा तबला वादन, सुखदेव प्रजापति ने मालकोस में सरोद वादन की प्रस्तुति दी गई कुमारी नंदिनी अग्निहोत्री और कुमारी हर्षित प्रजापति ने तीन ताल में गाते हुए टूमरी में युगल नृत्य प्रस्तुत किया पवन सिंह सपना नामदेव मोहम्मद अहमद खान कमाल खान मैहर के द्वारा अति सुंदर संगीत प्रदान किया( मंच का संचालन डॉक्टर दीपिका चौरसिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संगीत महाविद्यालय के स्टाफ मौजूद थे।

# करंट की चपेट में आने से हुई बुजुर्ग की मौत

## परिजनों का अरोप लाइनमैन की लापरवाही से गई जान

**ब्यावरा।** लखनवास में लोहे के बिजली पोल में करंट से वृद्ध की मौत हो गई। श्यामलाल वर्मा घर से बाहर आया और घर के पास लगे बिजली पोल को पकड़ कर निकल रहा था तब उसमें करंट आ गया और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए ब्यावरा सरकारी



अस्पताल भेज दिया। घरवालों का आरोप है कि इसमें लाइनमैन की लापरवाही के कारण हमारे पिताजी की मौत हुई है। दो-चार दिन पहले लाइनमेंन से बोल दिया था इस पोल में करंट आ रहा है। लाइनमैन ने बोला हम दिखवा लेंगे। घर वालों का आरोप है कि ऐसे लाइनमैन को तत्काल सस्पेंड कर देना चाहिए।

लक्ष्य यह की कोई बच्चा दवा पीने से न छूटे

# दूसरे दिन घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**राजगढ़।** पोलियो मुक्त भारत की अवधारणा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने 23 से 25 जून तक अभियान चलाया हुआ है। अभियान के प्रथम दिवस जहां पूरे जिले में 1600 के लगभग बूथ बनाकर जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। वहीं द्वितीय दिवस वंचित रहे बच्चों को ढूंढ-ढूंढकर दवाई का सेवन करवाया गया।

स्वास्थ्य विभाग की एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित मैदानी अमला, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यकर्ता, सहायिकाओं के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं की टीमें इस काम में जुटी हुई हैं। उन्नति फाउंडेषन की टीम द्वारा भी 14 वालेंटियर्स तैनात करते हुए दो-दो की टोली बनाकर नगर के विभिन्न वार्डों के घरों, बस स्टैंड, खिलचीपुर नाका व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कम उम्र के बच्चों को खोजकर उन्हें दवाई पिलाई गई। फाउंडेषन की बरखा दांगी ने बताया कि उनकी पूरी टीम निःषुल्क रूप से यह काम कर रही है। जिला टीकाकरण



अधिकारी डॉ. एलपी भकोरिया ने बताया कि यह क्रम आज मंगलवार को भी जारी रहेगा।

---

# कैडेट्स को 10 दिन दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

14 एमपी एनसीसी बटालियन द्वारा एसएटीआई एटी डिग्री कॉलेज में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 से 29 जून तक किया गया है। कैम्प कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता, शौर्य चक्र के नेतृत्व में एवं कर्नल यश छिब्बर की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

कैंप की शुरुआत कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र के ओपनिंग एड्रेस से हुई उन्होंने कैडेट को संबोधित करते हुए एनसीसी का मोटो एकता, अनुशासन एवं जीवन में आगे कैसे बढ़े इसकी सीख दी। प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग एवं सुरक्षा करने हेतु निर्देशित किया। कैंप में एनसीसी कैडेट द्वारा गॉड ऑफ ऑनर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह को दिया गया। साथ ही ग्रुप कमांडर द्वारा कैंप का निरीक्षण कर कैंप के सभी एनसीसी ऑफिसर से परिचय किया। इस कैंप में जिले के लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स विभिन्न तरह के प्रशिक्षण जैसे ड्रिल, मैप रीडिंग, योग , नेतृत्व क्षमता आदि प्राप्त कर रहे हैं। इस कैंप में थल सैनिक कैंप के लगभग 82 कैडेट जो कि भोपाल ग्रुप के हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर दिल्ली जाने का मार्ग तय कर रहे हैं। इस दौरान कैंप में सूबेदार मेजर हृदय रंजन, समस्त पी स्टाफ, एनसीसी अधिकारी कैप्टन रामानंद मिश्रा , लेफ्टिनेंट विनीता प्रजापति, लेफ्टिनेंट सुरेंद्र यादव, फर्स्ट ऑफिसर लखनलाल कुशवाह, सेकंड ऑफिसर रश्मि पाठक कमल किशोर, थर्ड ऑफिसर अनिल सोनी उपस्थित रहे।



**विदिशा।** सैकड़ों की संख्या में मौजूद कैडेट्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण।

## जिलाबदर का आरोपी घूमते हुए पकड़ा गया

**हैदरगढ़।** जिलाबदर के आरोपी को हैदरगढ़ पुलिस ने ग्राम दैयरपुर से पकड़ा है। जिलाबदर के आरोपियों की चैकिंग करने के लिए थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह द्वारा टीम गठित की गई। चेकिंग में संग्राम पिता धन सिंह लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम दैय्यरपुर थाना क्षेत्र में रहना पाया गया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

छात्रों को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी

# भविष्य से भेंट कार्यक्रम संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

स्कूल चलें हम अभियान के तहत शासकीय एकीकृत हाई स्कूल पान्दा में प्रथम दिन में बच्चों का तिलक लगाकर माला पहनकर अभिनंदन किया। निशुल्क पुस्तक का वितरण किया। दूसरे दिन अभिभावक की बैठक कर शिक्षा मंत्री का संदेशवाचन करवाया गया। तीसरे दिन 20-06-2024 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम में डॉ. विजेन्द्र नागर प्रदेश महासचिव भारतीय मानवाधिकार एसोसियेशन ने विद्यालय में उपस्थित होकर प्रेरक के रूप में भविष्य से भेंट की। उन्होंने सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना की, ततपश्चात विद्यालय के प्राचार्य आरएन नागर द्वारा उनका अभिनंदन किया। प्रथम वक्ता के रूप में डॉक्टर विजेन्द्र नागर ने अपने वक्तव्य में छात्र-छात्राओं को भविष्य से भेंट कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी कि किस प्रकार एक पत्थर अनेक चोट और प्रहार सहकर एक मूर्ति का आकार लेकर पूजनीय हो जाता है उसी तरह विद्यार्थियों के पांच लक्षण काकचेष्टा, बुगले जैसा ध्यान, कुत्ते जैसी नींद, अल्पाहारी, ग्रह त्यागी के साथ साथ निडर, साहसी, राष्ट्र से प्रेम, प्रकृति से प्रेम, पर्यावरण संरक्षण, स्व का भाव, अपने माता-पिता गुरुजनों का सम्मान सहित अनुशासन का पालन करना, यह गुण हमारे अंदर विकसित होने चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक धर्मेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सेन, देवेन्द्र नागर, दिनेश सेन एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. सरिता शर्मा ने किया।

तहसील समन्वयक का मनोनयन किया

# गायत्री शक्ति पीठ पर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

स्थानीय आवास कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर अखिल विश्व गायत्री परिवार हरीद्वार शांति कुंज के द्वारा निर्धारित संकल्प 21वीं सदी उज्जवल भविष्य मनुष्य में देवत्व का उदय के तहत बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें गायत्री परिवार के सदस्य को गुरुदेव के कार्य को महत्वपूर्ण स्थान देते हुए करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में राजगढ़ एवं गुना जिले से आए हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्यों की उपस्थिति में समन्वयक समिति का मनोनयन किया गया। इस बैठक में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य महिला पुरुष शामिल हुए उनकी उपस्थिति में सर्वानुमति से तहसील समन्वयक पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक,सह समन्वयक बापुलाल दांगी, उर्मिला गुप्ता , राधेश्याम दांगी राजगढ़, रमेश तिवारी माचलपुर, सुमित्रा गुप्ता , दिनेश जमीदार महेश वर्मा देव वाला खुजनेर एवं अन्य सदस्य नियुक्त किए गए। जिला कार्यकारी समन्वयक ओपी पंवार, भारत सिंह कुरावर, किशोर जानोरिया ब्यावरा, विष्णु प्रसाद नगर जिला प्रतिनिधि के मुख्य उपस्थिति में गठन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी गण सूरजमल भावसार, देवनारायण दांगी, प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता, डा. मनोज गुप्ता, सुरेश गुप्ता भानपुरा, श्री मती ज्योत्सना दांगी, बिन्दु सोनगिरा सहित गायत्री परिवार के सदस्य महिला पुरुष शामिल हुए जहां पर गुरूदेव के संदेश को बताया कि 24 गांवों में प्रज्ञा मण्डल का गठन करना है एवं चौरासी पंचायत के पत्रक बनाना, गायत्री मंत्र का जाप करना, गांव गांव में अलख जगाने तथा गुरूदेव के कार्य को जिम्मेदारी से करना है। रथयात्रा के सदस्यों को जिले स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। अंशदान, श्रमदान करना क्योंकि साधना से शक्ति ओर अच्छे विचार आते हैं।

---

कथा का विश्राम सुदामा चरित्र की कथा के साथ हुआ

# मित्रता हो तो ऐसी जो दुःखी समय में काम आए : पंडित सुरेश बिहारी नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

मेड़तवाल समाज धर्मशाला परिसर में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का विश्राम सुदामा चरित्र की कथा एवं पूर्णाहुति से हुआ। इस अवसर पर अंतिम दिवस की भागवत कथा में श्रद्धालु भक्तों ने भागवत महापुराण की पूजा अर्चना की तथा संगीतमय सुमधुर भजनों पर महिलाओं ने नृत्य कर भक्ति रस में आनंद लिया। विजयलक्ष्मी वैध परिवार द्वारा आयोजित कथा में व्यासपीठ से पंडित सुरेश बिहारी नागर ने सुदामा चरित्र प्रसंग को बताते हुए कहा की संसार में आज भी कृष्ण सुदामा की मित्रता सर्वोपरि स्थान रखती है।

सुदामा जब दुखी समय से गुजर रहे थे तो बालसखा कि याद आई ओर जब कृष्ण के पास पहुंचे तो भगवान कृष्ण ने सुदामा को राजा बना दिया। इस मित्रता को कोई भुला नहीं सकता है। सम्पूर्ण भागवत कथा प्रसंगों का संक्षिप्त में वाचन कर बताया की कलयुग मे भगवान के



नाम का सुमिरन करने का अपना विशेष महत्व है जब भी समय मिले उसका सदुपयोग करते हुए अपने इष्ट का जप करें। पंडित नागर ने भगवान नारायण के सभी अवतारों का उल्लेख कर बताया की धरती पर धर्म की रक्षा करने के लिए परमात्मा अवतरित होकर धर्म की रक्षा करते हैं। बताया की कलयुग में भगवान के नाम का जप करना विशेष महत्व रखता है सुदामा प्रसंग के दौरान उपस्थित महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण को चावल की पोटली भेट कर घर में सुख शांति और समृद्धि की कामना कर श्रीमद् भागवत महापुराण की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

# महंत श्री के अंतिम दर्शनों के लिए उमड़े नगरवासी, निकाली शोभायात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

सोमवार को प्रसिद्ध संत जमात मंदिर महंत श्री नंदराम दास खाकी पंचतत्व में विलीन हो गए। नगर में सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें विदाई दी। उनकी शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों मंदिर श्री जमात से प्रारंभ होकर पाण्डव चौराहा, दीनाजी चौराहा, शिवजी चौक, डबलिया चौराहा, झॉली आश्रम, फूलबाग, चंपी चौराहा, छतरी चौराहा होती हुई पुनः मंदिर श्री जमात में जाकर समाप्त हुई। कई जनप्रतिनिधि और शिहर के गणमान्य नागरिक उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। मंहत नंदराम दास खाकी का अंतिम संस्कार नगर में स्थित जमात मंदिर मे किया गया। उनकी अंतिम दर्शन यात्रा सुबह से ही लोग जुटने लगे थे उनका संस्कार वैदिक मंत्रों के साथ किया गया। उन्हें उनके उतरिधिकारी महंत दीपेंद्र दास ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में घी एवं चंदन की लकड़ियों इस्तेमाल किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में विधायक मोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या मे संत एवं आम लोगों ने शिरकत की। उल्लेखनीय है कि नगर मे गुरूदेव ब्रहमलीन होना नगर के लिए अपूर्णीय क्षति है। जैसे ही नगरवासियों को महंत जी के ब्रहमलीन की खबर मिली, पूरा नगर शोक संतृप्त हो गया था और गुरूदेव के अंतिम दर्शनों के लिए मंदिर श्री जमात में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होने लगी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कालीपीठ तहसील व जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

**क्रमांक/310/प्रवा./2024**
**राजगढ़ दिनांक 21/06/2024**

**विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम हिरनखेड़ी तहसील व जिला राजगढ़ को सूचित किया जाता है कि जिला शिक्षा अधिकारी जिला राजगढ़ के द्वारा ग्राम हिरनखेड़ी स्थित भूमि सर्वे नम्बर 529/1 कुल किता 01 कुल रकबा 4.926 हैक्टेयर मेसे रकबा 2.000 हैक्टेयर भूमि पर शासकीय हाई स्कुल भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी अपत्ति जारी दिनांक से 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**जारीकर्ता अधिकारी**
**नायब तहसीलदार कालीपीठ**